# प्रेस नोट - थाना निगोही

## जनपद शाहजहाँपुर पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक- 03.09.2026

## थाना निगोही पुलिस की प्रभावी कार्यवाही, डिलीवरी के दौरान महिला की मृत्यु के प्रकरण में वांछित चिकित्सक गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब/शस्त्र विक्रय तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना निगोही के कुशल नेतृत्व में थाना निगोही पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 24.02.2026 को वादी श्री सुधीर पुत्र दिलासाराम निवासी ग्राम पिपरिया बसखेड़ा, थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर अभियुक्तगण 1. डाॅ0 रजनीश कुशवाह, ग्लोबल अस्पताल, कस्बा निगोही, 2. सुशीला देवी पत्नी नामालूम (आशा) एवं 3. एक अन्य कर्मचारी नाम-पता अज्ञात द्वारा वादी की पत्नी सोनी देवी की डिलीवरी के दौरान गलत इंजेक्शन लगाए जाने से मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में थाना निगोही पर मु0अ0सं0 0091/2026 धारा 105 बीएनएस पंजीकृत किया गया था। दौराने विवेचना मुकदमा उपरोक्त में धारा 3(2)(V) एससी/एसटी एक्ट की वृद्धि की गयी। आज दिनांक 03.09.2026 को थाना निगोही पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त डॉ0 रजनीश कुशवाह पुत्र बैबी सिंह निवासी ग्राम मलिकापुर, थाना बिलसंडा, जनपद शाहजहाँपुर की गिरफ्तारी हेतु तलाश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को कैमुआ पुल के पास से समय 13:05 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तारी का कारण बताते हुए धारा 105 बीएनएस एवं 3(2)(V) एससी/एसटी एक्ट के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। शेष अभियुक्तगण की तलाश जारी है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः–**

डा0 रजनीश कुशवाह पुत्र बैबी सिंह निवासी ग्राम मलिकापुर, थाना बिलसंडा, जनपद शाहजहाँपुर।

**पंजीकृत अभियोग का विवरणः-**

मु0अ0सं0 0091/26 धारा 105 बीएनएस व 3(2)V SC ST ACT थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर।

**गिरफ्तारी का दिनाँक, समय व स्थानः–**

दिनांक 03.09.2026 को समय 13.05 बजे, कैमुआ पुल के पास, थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरणः-**

1. उ0नि0 श्री दिलशाद खां थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर
2. का0 1958 शुभम छोकर थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर